


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 30 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 282 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## पैलेट गन के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र को नोटिस

# गोला-बारूद का रिकार्ड सुरक्षित रखें



● जंतर-मंतर प्रदर्शन में घायल छात्रों का कराया जाए इलाज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को आदेश दिया कि 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संसद मार्च में घायल प्रदर्शनकारियों का इलाज कराया जाए। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन की बेंच ने पैलेट गन के इस्तेमाल पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस विशेष स्थितियों में इसका इस्तेमाल कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि जब तक पैलेट गन के इस्तेमाल की परमिशन देने वाले पुलिस नियमों को चुनौती नहीं दी जाती, तब तक इस पर रोक लगाने का आदेश देना मुश्किल है। कोर्ट ने इसके इस्तेमाल से जुड़ी गाइडलाइन पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तैनात RAF के हथियारों और गोला-बारूद के इस्तेमाल का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। पूर्व आईपीएस अधिकारी यशोवर्धन आजाद, प्रशांत कुमार सिंह और शेख इरशाद मंसूरी (दोनों पीड़ित) ने याचिका में पैलेट गन पर बैन लगाने की मांग की थी। उन्होंने दावा किया था कि संसद मार्च में RAF ने छात्रों पर पैलेट गन चलाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि छात्र आंदोलन के दौरान कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए लोगों का अच्छी तरह से इलाज कराएं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों का इलाज कराया जाए, और खासकर उन लोगों का जो कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए। सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश आईबी के पूर्व विशेष निदेशक और सेंट्रल इंफोर्मेशन कमिश्नर रहे यशोवर्धन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की मांग और साथ ही पीड़ितों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है।

## लोकसभा में हंगामा, राममंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** संसद भवन में पीएम मोदी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हो रही है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल और किरण रिजिजू शामिल हैं। बैठक में मौजूदा राजनीतिक और संसदीय मुद्दों समेत सरकार की रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू हुई थी, लेकिन हंगामे के कारण 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री शाह के जवाब की मांग कर रहा है। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने सुबह 10:30 बजे संसद परिसर में प्रदर्शन भी किया। उन्होंने छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर में चंदा चोरी मामले को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रियंका गांधी भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। विपक्ष ने नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर राज्यसभा में खूब हंगामा किया। कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दलों ने गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग की और करीब आधे घंटे नारेबाजी की।

## अजिंक्य रहाणे का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी। भारी आवाज में रहाणे ने बीसीसीआई, साथी क्रिकेटर, वाइफ और फैंस का शुक्रिया अदा किया। वीडियो के साथ कैप्शन में रहाणे ने लिखा, 'कैप 278 अब विदा ले रहा है। इतने सालों तक मिले प्यार और सहयोग के लिए धन्यवाद। हमेशा आभारी रहूंगा।' रहाणे ने 31 अगस्त 2011 को इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल (T20I) डेब्यू किया था। रहाणे लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे थे। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच 2023 में खेला था। वह जुलाई, 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट खेलते नजर आए थे। वहीं उन्होंने आखिरी वनडे 2018 में और आखिरी टी20 इंटरनेशनल 2016 में खेला था। रहाणे ने अपने करियर में 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले।

## हॉकी इंडिया की जर्सी का रंग बदलने पर भड़कीं प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग नीले से बदलकर भगवा किए जाने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, चाहे वे जर्सी का रंग बदलें या शिक्षा नीति के जरिये इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश करें, वे चाहे जो भी करें। आपने देखा है कि हमारे देश के युवा क्या सोचते हैं। आपने जंतर-मंतर पर जुटे युवाओं की बात सुनी है। यह देश की आवाज है। प्रियंका गांधी ने कहा, अहिंसा और सत्य पर इस देश की आजादी की लड़ाई की नींव रखी गई थी। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की कोई भूमिका नहीं थी। पूरा देश इस सच्चाई को जानता है। जिन लोगों को नहीं पता था, उनको आज पता चल रहा कि इनकी नीयत क्या है।

## पोक के लोगों ने भारतीय सेना से मांगी मदद, वीडियो में छलका दर्द

**श्रीनगर।** 'पाकिस्तानी सरकार और उसकी सेना हमारे ऊपर बेतहाशा जुल्म कर रही है। खुदा के वास्ते... भारतीय सेना हमारी मदद करो, हमें यहां से छुड़ाओ। हमें पाकिस्तान के जुल्म से आजाद कराओ।' पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से कराह रहे गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को अब भारतीय सेना से ही अंतिम उम्मीद दिख रही है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो उनकी पीड़ा को बयां कर रहे हैं। गुलाम जम्मू-कश्मीर में संवैधानिक और नागरिक अधिकारों की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को आसिफ मुनीर की सेना दमन करने पर तुली है। चुनाव बहिष्कार के बाद निकाले गए मुजफ्फराबाद मार्च को रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं।

## दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प, आप ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पंजाब में कथित प्रश्नपत्र रिसाव के मामले को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। इस गंभीर मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। संभावित प्रदर्शन को देखते हुए, किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कार्यालय परिसर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। भाजपा कार्यकर्ता पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। उनका आरोप है कि राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है।

## बांकीपुर उपचुनाव में 1 बजे तक 20.01 प्रतिशत मतदान

**पटना।** बिहार में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर वोटिंग शुरू हो गई है। सुबह 7 बजे से शुरू हुए वोटिंग में 3,79,616 मतदाता 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए से भाजपा के नीरज सिन्हा, महागठबंधन से राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता और जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के बीच मानी जा रही है। हाईप्रोफाइल बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आज वोटिंग हुई। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच मतदाता बूथों पर पहुंचे। किदवईपुरी में बूथ संख्या 101, 102 और 103 पर मतदान के दौरान भाजपा और जन सुराज कार्यकर्ताओं में पुलिस के सामने ही भिड़ंत हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग किया। बता दें कि उपचुनाव में भाजपा के नीरज कुमार सिन्हा, जन सुराज के प्रशांत किशोर और राजद की रेखा गुप्ता के अलावा कई निर्दलीय भी किस्मत आजमा रहे हैं।

## CRPF महानिदेशक ने जवानों को दिया बड़ा भरोसा

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। इन प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाकर्मियों द्वारा कथित तौर पर बल प्रयोग किया गया। इस कथित बल प्रयोग को लेकर एक विवाद लगातार जारी है। इसी विवाद के बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने जवानों और अधिकारियों को संबोधित किया। महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में जवानों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बल उनके साथ मजबूती से खड़ा है। महानिदेशक ने स्पष्ट किया कि कर्तव्यों के निर्वहन में लिए गए हर नेक इरादे वाले फैसले का समर्थन किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि जहां जवाबदेही बनती है, वहां पूरी जिम्मेदारी ली जाएगी। यह बयान विशेष रूप से जवानों के मनोबल को बनाए रखने के उद्देश्य से दिया गया है।

# कई सूबों में बारिश व बाढ़ से तबाही

● असम में पांच लाख लोग प्रभावित



**नई दिल्ली।** देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राजस्थान समेत 16 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के तीन जिलों रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। गौरीकुंड के पास लैंडस्लाइड होने से केदारनाथ ट्रैकिंग रूट बंद कर दिया गया है और तीर्थयात्रियों को रोका गया है। सबसे बुरा हाल असम का है। जहां पांच लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। सैकड़ों लोग लापता बताये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बलिया में सरयू नदी का कटाव तेज हो गया है। पानी गांवों में घुस गया है। सैकड़ों परिवार घर छोड़कर चले गए हैं। कई मकान नदी में समा गए। गोंडा में घाघरा का जलस्तर घटने से कटान और तेज हो गया है, जिससे कई बीघा जमीन और पेड़ नदी में समा चुके हैं।

## ट्रक में जा घुसी स्कूटी दो ने गंवायी जान

**फतेहगढ़ साहिब।** जिले में चंडीगढ़-सरहिंद मार्ग पर बुधवार देर रात करीब 11 बजे गांव पीर जैन के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। चंडीगढ़ की दिशा से आ रहे एक ट्रक ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सीधे ट्रक के नीचे जा घुसी, जिससे अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने दोनों वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। इस दुर्घटना में स्कूटी पर सवार दोनों लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान गांव कोटला बजवाड़ा के रहने वाले 42 वर्षीय मनदीप सिंह और गांव मानूपुर की निवासी 25 वर्षीया पूजा के रूप में हुई है।

## बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रक में जा भिड़ी कार


● पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष का बेटा समेत दो की मौत

**बस्ती।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर क्षेत्र के बसहवा के पास बीती रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय के पुत्र 27 वर्षीय शिवांशु और 22 वर्षीय संदीप कुमार प्रजापति निवासी पिलखाएं कप्तानगंज का नाम है। हादसे में एक अन्य युवक तपिश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बुधवार की देर रात हुआ। बस्ती से कप्तानगंज की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार पहले एक बाइक से टकराई। कार में शिवांशु और तपिश सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे एक ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अस्पताल में कार व बाइक सवार युवक ने दम तोड़ दिया।

# आठ राज्यों में डेंगू की चार प्रजातियां सक्रिय

### अगले साल तक भारत में आ सकती है वैक्सिन

● सबसे अधिक तेजी से फैल रहा डीईएनवी-2




**नई दिल्ली।** भारत अगले साल तक डेंगू की वैक्सीन लाने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच ICMR की एक बड़ी स्टडी में सामने आया है कि देश के 8 राज्यों में डेंगू के चारों स्ट्रेन एक साथ फैल रहे हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे ने 2023 से 2025 तक 25 राज्यों की 45 लैब से 6,889 डेंगू सैंपल का टेस्ट किया। आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में DENV-1, DENV-2, DENV-3 और DENV-4 चारों मिले हैं। बाकी 15 राज्यों में 3-3 स्ट्रेन फैल रहे हैं। इसमें DENV-2 सबसे ज्यादा फैल रहा है, कुल संक्रमण का 51 प्रतिशत इसी स्ट्रेन से हुआ। इसके बाद DENV-3 13 प्रतिशत, DENV-1 7 प्रतिशत और DENV-4 1 प्रतिशत रहा। 7 प्रतिशत लोग एक साथ 2 या उससे ज्यादा स्ट्रेन से संक्रमित पाए गए हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि जिन मरीजों को एक साथ कई स्ट्रेन से संक्रमण हुआ, उनमें प्लेटलेट्स कम होना, ब्लीडिंग और जोड़ों का दर्द ज्यादा देखा गया।

## फेड के फैसले के बाद सेंसेक्स-निफ्टी में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों में लाभ और हानि के बीच उतार-चढ़ाव बना रहा। यह स्थिति अमेरिकी फेडरल रिजर्व के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद बनी। फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है। हालांकि, कई नीति निर्माताओं ने इस साल के अंत में ब्याज दर में वृद्धि का संकेत दिया है। इस घोषणा का असर बाजार की चाल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बाजार में आईटी क्षेत्र के शेयरों में जोरदार तेजी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों में उत्साह रहा। इसके विपरीत, रियल्टी क्षेत्र के शेयरों में गिरावट देखने को मिली, जिससे इस सेक्टर के निवेशक चिंतित दिखे।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 31.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 30 जुलाई, गुरुवार, 2026 (3)







# शिव की आराधना में डूबी काशी

## सावन का पहला दिन : गंगातट से बाबा दरबार तक उमड़ी भीड़, सीएम ने भी किया दर्शन-पूजन



● सुरक्षा के सख्त इन्तजाम, सावनभर रहेगी वीवीआईपी दर्शन पर रोक

**वाराणसी।** सावन का आज पहला दिन है। गुरुवार सुबह से ही वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर समेत सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी हैं। काशी में बाबा विश्वनाथ का फूलों से श्रृंगार किया गया। मंगला आरती के बाद से अब तक 50 हजार से अधिक भक्त बाबा के दर्शन कर



चुके हैं। सुबह साढ़े 8 बजे सीएम योगी काशी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले काल भैरव के दर्शन कर आरती की। इसके बाद बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया और भस्म चढ़ाई। वह काशी की गलियों में भी घूमे। दुकानदारों से पूछा- 'इंतजाम में कोई कमी तो नहीं है?' उन्होंने एक दुकान में बैठे बच्चे को दुलारा। उसे चॉकलेट दी। योगी ने अफसरों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में कोई दिक्कत न हो। इससे पहले सीएम योगी ने ट्वीट कर प्रदेशवासियों को श्रावस माह के प्रारंभ होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'देवाधिदेव महादेव आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें, सभी के जीवन में पुण्य का संचार हो। हर हर महादेव।'बता दें कि पिछले साल की तरह इस बार भी पूरे सावन काशी विश्वनाथ मंदिर में VIP दर्शन पर रोक रहेगी। इधर, प्रदेश की सड़कों और हाईवे पर कांवड़ियों का रेला दिखने लगा है। आज बरेली में कांवड़ यात्रा को लेकर एक अहम बैठक होगी, जिसमें डीजीपी राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव एसपी गोयल और 9 जिलों के डीएम शामिल होंगे। बैठक में नई गाइडलाइन जारी हो सकती हैं। सावन के पहले दिन मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## एक अगस्त को होगी कार्यकारिणी की बैठक

**वाराणसी।** उपसभापति के चुनाव के बाद नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक एक अगस्त को होगी। इसमें शहर के विकास की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। खासकर गंगा किनारे के 25 वार्डों की समस्याओं के समाधान तथा शहर की सीवर और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में लिए गए निर्णयों को नगर निगम सदन में रखा जाएगा, जहां उन्हें पार्षदों की सर्वसम्मति से पारित कराने का प्रयास किया जाएगा। मेयर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक के लिए कार्यकारिणी के सभी 12 सदस्यों को पत्र भेज दिया गया है। कार्यकारिणी में भाजपा के 10 और सपा के दो पार्षद हैं। भाजपा की ओर से नरसिंह दास, संजय कुमार केशरी, मदन मोहन तिवारी, प्रवीण राय, अशोक मौर्य, बलिराम कन्नौजिया, संदीप रघुवंशी, माधुरी सिंह, सुशील सिंह और इंद्राणी सिंह सदस्य हैं।



## ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देने का आरोप

**वाराणसी।** चौबेपुर छितौनी गांव में सरकारी राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत की जांच के बाद कोटेदार राधिका देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दुकान का अनुबंध निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों ने 23 जुलाई को राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत उपजिलाधिकारी सदर से की थी। 24 जुलाई को पूर्ति निरीक्षक संजय सिंह ने राशन की दुकान पर पहुंचकर जांच की। 30 कार्डधारकों के बयान दर्ज किए गए। कई कार्डधारकों ने आरोप लगाया कि कोटेदार ने ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवा लिया, लेकिन राशन नहीं दिया। कुछ ने जून, जबकि कुछ कार्डधारकों ने जून और जुलाई दोनों का राशन नहीं मिलने की बात कही।

## हर घंटे एक सेंटीमीटर बढ़ रहीं गंगा

● तटवर्ती इलाकों में दहशत, नौका संचालन पर रोक

● आज सुबह 61.84 मीटर दर्ज किया गया जलस्तर

**वाराणसी।** वाराणसी में गुरुवार सुबह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शहर में रुक-रुक कर हल्की बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे लोगों को उमस से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि हवा 24 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। शहर में आर्द्रता (नमी) का स्तर 71 प्रतिशत बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल मानसून की सक्रियता कुछ कमजोर पड़ रही है। हालांकि 4 से 5 अगस्त के बीच मानसून के दोबारा सक्रिय होने की संभावना है, जिसके बाद पूर्वांचल में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है। इधर, लगातार हो रही बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर लगभग 1 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और गुरुवार को सुबह 61.84 मीटर दर्ज किया गया। बढ़ते जलस्तर के कारण सामनेघाट से नमो घाट तक स्थित करीब 50 से 60 छोटे मंदिर गंगा के पानी की चपेट में आ चुके हैं। घाटों के निचले हिस्से भी धीरे-धीरे जलमग्न होने लगे हैं। गंगा के तेज बहाव और ऊंची



उठती लहरों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर नौका संचालन और नौकायन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। प्रशासन ने नाविकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नदी के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार घाटों का निरीक्षण कर रही हैं। जलस्तर पर नजर रखने के साथ-साथ संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।

## कांवड़ियों के लिए 12 निशुल्क शिविर और 3 क्लॉक रूम सक्रिय

**वाराणसी।** नगर निगम की ओर से सावन को ध्यान में रखते हुए कांवड़ियों के लिए 12 निशुल्क शिविर और तीन क्लॉक रूम बृहस्पतिवार से सक्रिय हो जाएंगे। ये 30 जुलाई से 28 अगस्त तक संचालित होंगे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ


प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'
समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा
स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## यूपी कॉलेज मर्डर केस में मुख्य आरोपी पर एनएसए

● जमानत की कोशिश कर रहे थे आरोपित

**वाराणसी।** उदय प्रताप कालेज में 20 मार्च को बीएससी छात्र सूर्य प्रताप सिंह की हत्या के मामले में जेल में बंद आरोपित मंजीत चौहान को डीएम ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में निरुद्ध किया है। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र ग्राम दुबैथा थाना रामपुर मांझा जनपद गाजीपुर निवासी सूर्य प्रताप सिंह सूर्या की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने इसकी कालेज में बीए में अध्ययनरत मंजीत चौहान और अनुज कुमार सिंह के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की थी। दोनों के खिलाफ दर्ज एफआइआर और विवेचना में इनकी दागदार छवि के आधार पर उनको गैंगस्टर में भी निरुद्ध किया। आरोपित जमानत के लिए लगातार प्रयास में जुटे थे। उधर शिवपुर थाना पुलिस ने इन पर शिकंजा कसते हुए रासुका के लिए पत्र लिखा। डीएम ने उन पर एनएसए लगा दिया गया है।

## टीजीटी परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाला गिरफ्तार



● बलिया से पकड़ा गया आरोपी

**वाराणसी।** टीजीटी परीक्षा में सॉल्वर गैंग के जरिए धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपित को चेतगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर बलिया के उभांव थाना क्षेत्र के एकसार पिपरौली गांव स्थित घर से आरोपित अमन कुमार को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि चार जून को लहुराबीर स्थित क्वींस इंटर कॉलेज में आयोजित उत्तर प्रदेश टीजीटी परीक्षा के दौरान मूल अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति के परीक्षा देने का मामला सामने आया था। प्रधानाचार्य की तहरीर पर चेतगंज थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं व उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में परीक्षा देने वाले आरोपित व्यक्ति व उसके सहयोगी को चार और 11 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस की पूछताछ में आरोपित अमन कुमार ने स्वीकार किया कि परीक्षा पास करने के उद्देश्य से उसने सॉल्वर गैंग की मदद लेकर अपने स्थान पर दूसरे व्यक्ति को परीक्षा में बैठाया था। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चेतगंज थाना प्रभारी निरीक्षक विजय शुक्ला, चौकी प्रभारी लहुराबीर उपनिरीक्षक विकल शांडिल्य, चौकी प्रभारी चेतगंज उप निरीक्षक वैभव शुक्ला व सर्विलांस सेल के कांस्टेबल प्रशांत तिवारी शामिल थे।

## काशी में कजरी कार्यशाला का समापन

**वाराणसी।** मां गंगा की गोद में रविदास घाट पर क्रूज पर बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर संगीत साधकों ने गुरु- शिष्य परंपरा को यादगार बनाते हुए स्वरांजलि अर्पित की। पांच दिवसीय कजरी कार्यशाला रिमझिम बरसे बदरिया का सधे सुर, लय, तान से समापन हुआ। प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने संगीत साधकों को सिखाई गई ठुमरी, चैती और कजरी की बारीकियों को परखा। देश के कई राज्यों और सिंगापुर से लोक परंपरा को बढ़ाने के लिए जुटे हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की उन्होंने उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यशाला के समापन पर पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने ठुमरी गीत पर अलाप लगाया तो प्रतिभागियों ने झूला धीरे से झूआ ओ बनवारी, अरे सांवरिया... पर बेहतरीन प्रस्तुति की। इसके बाद कजरी अब बरखा बहार के आई गईले ना...ने पूरे वातावरण को सावन की फुहारों और लोक-छटा से सराबोर कर दिया।

## बाहरी सीमा पर रोके जाएंगे वाहन




● 37 पार्किंग स्थल निर्धारित

**वाराणसी।** सावन माह में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कमिश्नरेट में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। 2022 के बाद 2026 में इस बार सावन में लगभग एक करोड़ श्रद्धालुओं की आवाजाही की संभावना है। भीड़ प्रबंधन को लेकर भी विशेष तैयारियां की जा रही है। भीड़ बढ़ने पर बाहरी सीमा पर वाहनों को रोका जाएगा और 37 वाहन पार्किंग स्थल भी निर्धारित कर दिए गए हैं। अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के लिए शहर को पांच जोन और 15 सेक्टर में बांटा जाएगा। पांच आईपीएस, 50 राजपत्रित अधिकारी समेत 5000 पुलिस कर्मियों की तैनाती होगी। यातायात पुलिस के लिए चुनौती गिरजाघर पर निर्माणाधीन रोपवे स्टेशन है। खास तौर पर रविवार से लेकर सोमवार के दिन गिरजाघर से जुड़े सभी मार्गों पर संचालित वाहनों को रोका जाएगा। शहर के अंदर लहुराबीर-चेतगंज-नई सड़क से गिरजाघर और गुरुबाग से लक्सा, रामापुर की तरफ सिर्फ पैदल ही आवाजाही होगी। मैदागिन-गोदौलिया मार्ग नो व्हीकल जोन होगा। सिर्फ पैदल ही आवाजाही होगी। सोनारपुरा से जंगमबाड़ी तक किसी भी प्रकार के वाहन आवाजाही नहीं करेंगे।



## गाजीपुर समाचार

### गुरु पूर्णिमा पर गुरु के चरणों में झुके श्रद्धालु, मठ-मंदिरों में उमड़ी आस्था



**गाजीपुर।** गुरु पूर्णिमा पर बुधवार को जिले के मठों, आश्रमों और मंदिरों में आस्था और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गुरु का पूजन कर उनके चरणों में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन, प्रवचन, प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शहर के पोस्ता घाट स्थित प्राचीन मठ में दोपहर से शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चला। श्रद्धालुओं ने गुरु के चरणों में श्रद्धा स्वरूप प्रसाद अर्पित किया। नवाबगंज, नवाब साहब का फाटक, रुईमंडी, जमलापुर, झंडातर, उर्दू बाजार, रायगंज, तुलसी का पुल और मुगलपुरा समेत विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं, क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान स्थित आश्रम में भी सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से गुरुजनों ने शिष्यों को आध्यात्मिक जीवन का संदेश दिया। तुलसीपुर स्थित दिव्य लोक आश्रम में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाई गई। सुबह से ही श्रद्धालु शिवपूजन बाबा के दर्शन पूजन के लिए पहुंचने लगे। आश्रम में भजन-कीर्तन, हवन, गुरु वंदना और प्रवचन का आयोजन हुआ। आश्रम के सचिव राजेश चौबे ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 12 क्विंटल बेसन से महाप्रसाद तैयार कराया गया, जिसका वितरण श्रद्धालुओं में किया गया।

## भदोही समाचार

### जेल में बंद हत्यारोपी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

**भदोही।** जिला कारागार में हत्या के मामले में बंद आरोपी दया राम यादव (85) की बुधवार की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। उसे सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जेल अधीक्षक पीके त्रिवेदी ने बताया कि खुटहन थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर असरफगढ़ निवासी दया राम यादव पिछले पांच वर्षों से हत्या, एससीएसटी एक्ट के मामले में जिला कारागार में बंद था। बुधवार की सुबह साढ़े सात अचानक बंदी के सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई।

प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद करीब 8 बजे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गोरखपुर समाचार

### सावन के पहले दिन शिव मंदिरों में उमड़ी आस्था, 'हर-हर महादेव' से गूंजे परिसर



**गोरखपुर।** सावन का महीना बृहस्पतिवार से शुरू हो गया। सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं की ओर से शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में पूजन-अर्चन का दौर सुबह से ही जारी है। हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर गूंज रहे हैं।

शहर के कुनराघाट स्थित महादेव झारखंडी मंदिर, राजघाट स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर और अंधियारी बाग स्थित मानसरोवर मंदिर के साथ-साथ शहर के बेतियहाता हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गोरखनाथ मंदिर के शिव मंदिर सहित शहर के विभिन्न मोहल्ले में स्थापित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर बृहस्पतिवार सुबह से ही श्रद्धालुओं के जलाभिषेक कर रहे हैं। कुनराघाट स्थित महादेव झारखंडी मंदिर में श्रद्धालु सुबह पांच बजे से ही दर्शन-पूजन कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इसके साथ ही राजघाट स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिल रही है। बारी-बारी से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर रहे हैं। वहीं मानसरोवर मंदिर और गोरखनाथ मंदिर में भी श्रद्धालु अपनी आस्था निवेदित कर रहे हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### खेत में ट्रैक्टर पलटा, पोस्टमैन की दबकर मौत

**दोस्तपुर।** खेत की जोताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से इमली गांव निवासी और डाक विभाग में तैनात पोस्टमैन दिनकर चतुर्वेदी (55) की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह करीब नौ बजे उस समय हुआ, जब वह अपने ही खेत में ट्रैक्टर से जोताई कर रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक जोताई के दौरान ट्रैक्टर खेत में कीचड़ में फंस गया। दिनकर उसे बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे। तभी ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ने से वह पलट गया। पत्नी पुष्पा ने बताया कि ट्रैक्टर के नीचे दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को बुलाया। काफी मशक्कत के बाद उन्हें ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। दोस्तपुर थाने के थानाध्यक्ष नारदमुनि सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## प्रयागराज समाचार

### श्री मनकामेश्वर महादेव का दर्शन कर नए पुलिस आयुक्त मोर्डिया ने संभाला कार्यभार



**नैनी (प्रयागराज)।** नवनियुक्त पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने बृहस्पतिवार श्रावण मास के पहले दिन पदभार ग्रहण करने से पहले श्री मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। पूजन के बाद उन्होंने मंदिर के महंत ब्रह्मचारी श्रीधरानंद महाराज से मुलाकात कर उनका भी आशीर्वाद लिया। महंत ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। धार्मिक अनुष्ठान पूरा करने के बाद पीयूष मोर्डिया पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालने के साथ ही पुलिस महकमे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। माना जा रहा है कि नए पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई को प्राथमिकता देते हुए कार्य करेंगे।

## मऊ समाचार

### सड़क किनारे मिला मजदूर का शव, 13 दिन पहले पैदा हुआ था बेटा



**मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के दोहरीघाट कस्बे में मंगलवार की शाम जयराम यादव (44) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। जयराम की पत्नी ने 13 दिन पहले ही बेटे को जन्म दिया था।

जयराम यादव दोहरीघाट थाना क्षेत्र के भैंसाखरग (नईबाजार) का निवासी था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार सुबह वह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान मुक्तिधाम गेट के पास उसका शव पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। परिजनों ने थाने पहुंचकर शव की शिनाख्त की। जयराम की मौत की खबर मिलते ही उसकी पत्नी कलिंदा बेसुध हो गई। 13 दिन पहले ही कलिंदा ने एक बेटे को जन्म दिया था। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। गांव की महिलाएं कलिंदा को संभालने का प्रयास कर रही हैं। थानाध्यक्ष रामायण सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### प्रेमी को फुफेरा भाई बता रखा पति के साथ राज खुलने पर हुआ विवाद, करा दी हत्या

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के कसारा गांव के पास मिले कुंजबिहारी राजभर की हत्या का खुलासा बुधवार को पुलिस ने किया। पुलिस के अनुसार, कुंजबिहारी की हत्या पत्नी नेहा ने अपने प्रेमी गुड्डू राजभर के साथ मिलकर की थी। उसने दो महीने पहले तक प्रेमी को फुफेरा भाई बताकर पति के साथ रखा था। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने बताया कि मुहम्मद अली इंटर कॉलेज इंदारा के पास से मंगलवार को गुड्डू कुमार और नेहा को गिरफ्तार किया गया। 25 जुलाई को को शव मिलने के बाद पहचान नहीं हो सकी थी। पिता हरिशचंद्र की तहरीर पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी थी। मंगलवार को पहचान होने के बाद घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में नेहा को एक युवक के साथ देखकर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।

## चंदौली समाचार

### गुरु के चरणों की वंदना कर नवाए शीश, लिया आशीष

**पीडीडीयू नगर।** अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले गुरु के चरणों की रज पाने के लिए बुधवार को आश्रमों, मठों में भक्तों की भीड़ उमडी। भोर से कतारें लग गईं। दूर-दूर से आए भक्तों ने गुरु महाराज के पांव पखारे और पूजा-अर्चना कर आशीष लिया। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा।

वहीं, जगह-जगह भंडारे हुए, जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के रविनगर स्थित मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से गुरु पुर्णिमा पर भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व भक्तों ने भजन कीर्तन किया। गुरु गिरधारी नंद महाराज ने भक्तों को मानव उत्थान का संदेश दिया। इस मौके पर वीरेंद्र प्रताप सिंह, लखन प्रसाद, प्रभुजी, विजय यादव, सावित्री देवी, शोभा देवी, अन्नपूर्णा देवी, गुड़िया जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## जौनपुर समाचार

### हत्या के मामले में 4 साल से काट रहा था सजा, सीने में दर्द के बाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया था




**जौनपुर।** जिला कारागार में हत्या के मामले में सजा काट रहे एक कैदी की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। 85 वर्षीय दया राम यादव को सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द की शिकायत के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया था।

मृतक कैदी की पहचान खुटहन थाना क्षेत्र के असरफगढ़ गांव निवासी दया राम यादव के रूप में हुई है। वह पिछले चार वर्षों से हत्या के एक मामले में जेल में बंद था। जेल प्रशासन के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 11 बजे दया राम यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जेल अधिकारियों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां शाम लगभग 4 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। जेल में कैदी की मौत के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। जेल अधीक्षक ने बताया कि कैदी दया राम यादव हत्या के मामले (धारा 302) में सजा काट रहा था। तबीयत बिगड़ने पर उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट आने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### जौनपुर के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**जौनपुर।** श्रावण मास के शुभारंभ के साथ ही गुरुवार को जिले के प्रमुख शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बक्शा थाना क्षेत्र के उतरिजपुर स्थित ऐतिहासिक सारनाथ महादेव मंदिर, त्रिलोचन महादेव धाम और सुजानगंज क्षेत्र के शिव मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर दिनभर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंजता रहा।

## आजमगढ़ समाचार

### स्कूल में छात्र की बिगड़ी तबीयत, उपचार के दौरान मौत



**बारदह।** चकरसुलपुर (बागपुर) गांव निवासी छात्र निखिल यादव (16) की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। निखिल मार्टीनगंज स्थित विद्यापीठ इंटर कॉलेज में कक्षा 10 में पढ़ता था। वे बुधवार सुबह घर से भोजन करके साइकिल से स्कूल गया था। मां बिंदा देवी ने बताया कि स्कूल से फोन आया कि उसके पेट में अचानक तेज दर्द होने लगा। स्कूल के कर्मचारी उसे महुजा मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जौनपुर रेफर कर दिया। जौनपुर पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो मां बिंदा देवी सहित परिवार के अन्य लोग गमगीन हो गए।

## बलिया समाचार

### शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी नहीं, संवेदनशील और आत्मनिर्भर नागरिक बनाना : रजनी तिवारी

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय (जेएनसीयू) का अष्टम दीक्षांत समारोह बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित दीक्षांत मंडप में संपन्न हुआ। अध्यक्षता कर रहीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि शिक्षा मनुष्य मे संवेदनशीलता, आत्मानुशासन, नैतिकता, सेवा भाव, सहिष्णुता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षा को सिर्फ सूचना का संग्रह नहीं माना गया है, बल्कि इसका उद्देश्य व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। जब विश्व तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब भारतीय शिक्षा दर्शन की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ रोजगार प्राप्त करने तक अपनी आकांक्षाओं को सीमित न रखें, बल्कि रोजगार सृजन करने वाले उद्यमी बनने का लक्ष्य निर्धारित करें।

## मीरजापुर समाचार

### शिक्षा की गुणवत्ता और कुपोषण पर जिलाधिकारी का कड़ा रुख–अधिकारियों को दिया सख्त निर्देश



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला अनुश्रवण समिति/जनपद स्तरीय टास्क फोर्स एवं यू–डायस की द्वितीय की बैठक व जिला पोषण समिति/जिला स्तरीय कन्वर्जेन्स समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षा के स्तर में सुधार, विद्यालयों के भौतिक सत्यापन, यू–डायस पोर्टल पर डेटा फीडिंग तथा जनपद में कुपोषण उन्मूलन और महिला व बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डेटा की सटीकता पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यू–डायस पोर्टल पर प्रत्येक छात्र–छात्रा एवं विद्यालय से संबंधित जानकारी समय से और पूरी तरह से सटीक दर्ज की जाए, जिससे कोई भी पात्र बच्चा योजनाओ के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने टास्क फोर्स द्वारा निरीक्षण जनपद स्तरीय टास्क फोर्स को नियमित रूप से विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करने तथा पठन–पाठन की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं (बिजली, पेयजल, शौचालय) की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ड्रॉप–आउट बच्चों की वापसी, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा ड्रॉप–आउट दर को शून्य करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने ड्राप आउट बच्चों को स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यालयों में नामांकन में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी हलिया, छानबे व नगर को प्रतिकूल प्रविष्ठि देते हुए जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए यदि इनके द्वारा कार्यो में सुधार नहीं लाया जाता है विभागीय कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी ड्राप आउट बच्चों को का शत प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन कराते हुए एक सप्ताह मे रिपोर्ट उपलब्ध कराएं ऐसा नहीं होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## देवरिया समाचार

### घरेलू विवाद में महिला की मौत, एक हिरासत

**देवरिया।** सलेमपुर नगर के वार्ड नंबर 11 लोहिया नगर में बुधवार की देर रात घरेलू विवाद में मारपीट के दौरान एक महिला की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस परिवार के एक सदस्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उस पर महिला के साथ मारपीट करने का आरोप है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर दो पिपरा नाजिर निवासी जयराम चौहान करीब 20 साल से परिवार के साथ लोहिया नगर में मकान बनवा कर रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर बुधवार की देर रात घर में विवाद शुरू हो गया।

बताया जा रहा है कि जयराम चौहान की पत्नी संकेषा देवी (50) पर किसी सदस्य ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

## सोनभद्र समाचार

### हाईवे पर भुतहिया पुलिया के पास खाई में गिरा ट्रेलर, चालक की मौत



**रेणुकूट/हाथीनाला।** वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर हाथीनाला थानाक्षेत्र के भुतहिया पुलिया के पास मंगलवार की रात राखड़ लदा ट्रेलर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक प्रमोद कुमार (24) की मौत हो गई। खलासी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

केबिन में फंसे चालक को बचाने के लिए पुलिस चार घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाती रही, पर सफलता नहीं मिली। राखड़ लेकर ट्रेलर रॉबर्ट्सगंज की तरफ जा रहा था। रात करीब 11 बजे खाड़पाथर से आगे बढ़ने पर भुतहिया पुलिया के पास अचानक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे खाई में चली गई। हादसे में चालक-खलासी ट्रेलर के केबिन में फंस गए। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में हाथीनाला और पिपरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। टीम निशा सिंह के सदस्य विजय प्रताप सिंह भी साथियों के साथ पहुंचकर रेस्क्यू अभियान में जुट गए। ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से चालक को निकालने में काफी कठिनाई हुई। बाद में गैस कटर मिस्त्री को बुलाकर ट्रेलर की बॉडी काटी गई, लेकिन चालक केबिन में फंसा रहा। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद भोर में क्रेन की मदद से चालक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी पहचान मिर्जापुर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के रमसगरा निवासी प्रमोद कुमार के रूप में हुई।

पुलिस ने शव को मॉर्च्यूरी में रखवा दिया। टीम निशा सिंह के सदस्य विजय प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे के बाद चालक करीब तीन से चार घंटे तक जीवित था। उसे बचाने के लिए पुलिस, स्थानीय लोगों और उनकी टीम ने हरसंभव प्रयास किए लेकिन केबिन में फंसे होने के कारण समय पर बाहर नहीं निकाला जा सका। हाथीनाला प्रभारी निरीक्षक उदयभान राव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## लाइफ मंत्र

### सावन में क्यों उमड़ती है शिवभक्तों की भीड़? जानिए, महादेव के नीलकंठ बनने की अद्भुत कथा




सावन 2026 की शुरुआत हो चुकी है। जानिए, आखिर क्यों यह महीना महादेव को इतना प्रिय है और क्या है समुद्र मंथन से जुड़ी वह पावन कथा जिसके कारण शुरू हुई जलाभिषेक की परंपरा।

देवादिदेव महादेव की उपासना का सबसे पावन महीना 'सावन' 30 जुलाई 2026 से शिवालयों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' की गूंज सुनाई दे रही है। शिव भक्तों के लिए यह महीना किसी उत्सव से कम नहीं है, क्योंकि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन के दौरान सृष्टि का संपूर्ण कार्यभार स्वयं भोलेनाथ ही संभालते हैं। यह पवित्र मास अगले महीने 28 अगस्त को सावन पूर्णिमा के साथ समाप्त होगा।

**महादेव को क्यों प्रिय है सावन?**

पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रावण मास को देवों के देव महादेव भगवान शंकर का प्रिय महीना माना जाता है। इस संबंध में पौराणिक कथा है कि जब सनत कुमारों ने महादेव से उन्हें श्रावण महीना प्रिय होने का कारण पूछा तो महादेव भगवान शिव ने बताया कि जब देवी सती ने अपने पिता दक्ष के घर में योगशक्ति से शरीर त्याग किया था, उससे पहले देवी सती ने महादेव को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया था। अपने दूसरे जन्म में देवी सती ने पार्वती के नाम से हिमाचल और रानी मैना के घर में पुत्री के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने युवावस्था के श्रावण महीने में निराहार रहकर कठोर व्रत किया और उन्हें प्रसन्न कर विवाह किया, जिसके बाद ही महादेव के लिए यह विशेष हो गया। श्रावण के महीने में भगवान शंकर की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस दौरान पूजन की शुरूआत महादेव के अभिषेक के साथ की जाती है। अभिषेक में महादेव को जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल, गन्ने के रस आदि से स्नान कराया जाता है। अभिषेक के बाद बेलपत्र, शमीपत्र, दूब, कुशा, कमल, नीलकमल, आक मदार, जवाफूल कनेर, राई फूल आदि से शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। इसके साथ ही भोग के रूप में धतूरा, भांग और श्रीफल महादेव को चढ़ाया जाता है।

**महादेव का अभिषेक**

महादेव का अभिषेक करने के पीछे एक पौराणिक कथा का उल्लेख है कि समुद्र मंथन के समय हलाहल विष निकला था। उस विष का पान महादेव ने किया था। इससे वह मूर्च्छित हो गए थे। उनकी दशा देखकर सभी देवी-देवता भयभीत हो गए थे। भोलेनाथ को होश में लाने के लिए निकट में जो चीजें उपलब्ध थीं, देवता उनसे महादेव को स्नान कराने लगे, इसके बाद से ही जल से लेकर तमाम उन चीजों से महादेव का अभिषेक किया जाता है।

## जब Indira Gandhi ने राजमाता को कहा 'शीशे की गुड़िया', तिहाड़ जेल तक पहुंची थी रंजिश



पूर्व सांसद व जयपुर के पूर्व राजघराने की सदस्य गायत्री देवी का 29 जुलाई को निधन हो गया था। बताया जाता है कि वह किसी भी मामले में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी से कम नहीं थी। 29 जुलाई को पूर्व सांसद व जयपुर के पूर्व राजघराने की सदस्य गायत्री देवी का निधन हो गया था। उन्होंने 90 साल की उम्र में अंतिम सांस ली थी। पहले वह राजकुमारी से महारानी बनीं और फिर राजमाता। बताया जाता है कि वह किसी भी मामले में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी से कम नहीं थी। वहीं इंदिरा गांधी के साथ गायत्री देवी का विवाद हमेशा रहा। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

लंदन में 23 मई 1919 को गायत्री देवी का जन्म हुआ था। उनके पिता राजकुमार जितेन्द्र नारायण कूच बिहार के युवराज के छोटे भाई थे। उनकी मां बड़ौदा की राजकुमारी इंदिरा राजे थीं। उन्होंने पहले शांतिनिकेतन और फिर लंदन और स्विट्जरलैंड में अपनी शिक्षा पूरी की। महज 12 साल की उम्र में उन्होंने जयपुर के महाराजा सवाई मानसिंह (द्वितीय) से हुआ था।

**राजनीतिक सफर**

गायत्री देवी ने साल 1962 में लोकसभा चुनाव जीता था। फिर साल 1967 और 1972 का चुनाव जीता। इस दौरान वह स्वतंत्र पार्टी से जुड़ी। गायत्री देवी इंदिरा गांधी की कट्टर विरोधी थीं। साल 1975 में आपातकाल के दौरान उनको तिहाड़ जेल जाना पड़ा था। उन्होंने इंदिरा गांधी से सीधी टक्कर ली, लेकिन समझौता नहीं किया। गायत्री देवी को लालच, धमकी दोनों दी गईं। लेकिन वह झुकी नहीं। बताया जाता है कि संसद में इंदिरा गांधी को गायत्री देवी की मौजूदगी रास नहीं आती थी। इंदिरा गांधी ने उनको 'शीशे की गुड़िया' कह दिया था। गायत्री देवी और इंदिरा गांधी के बीच यह रंजिश आजीवन चलती रही। हालांकि बाद में गायत्री देवी ने राजनीति छोड़ दी थी।

**मृत्यु**

वहीं गायत्री देवी का साल 2009 में 90 साल की उम्र में निधन हो गया था।

# समाज के भले के लिए [व्यंग्य]



**यह अच्छी बात है कि पद भार संभालने के प्रभावशाली कार्यक्रम में टीम के दूसरे सदस्य भी अपने अपने पद का भार संभालते हैं। पिछले सत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाता है। सब मान लेते हैं कि किसी ने भी निकृष्ट कार्य नहीं किया होगा। सभी समझते हैं कि समाज सेवा ही सबसे उत्तम धर्म है।**

समाज का भला करने के लिए अच्छी बातें करना बेहतर योजनाएं बनाना बहुत ज़रूरी होता है। अच्छी बातें करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती। योजनाएं बनाने से दिमाग का व्यायाम हो जाता है। खूब सारी अच्छी बातें करने से जीभ की कसरत हो जाती है। अच्छी बातें करते हुए, योजनाओं की घोषणा करने से माहौल में सकारात्मकता रहती है। कुछ लोग तालियां बजा दें तो उनके हाथों का व्यायाम भी हो जाता है। अच्छे माहौल में समाज के भले के लिए बैठक बहुत बढ़िया होती है। बैठक के बाद स्वादिष्ट खाना और पीना हो जाए तो लगता है समाज का भला हो गया। समाज का भला चाहने वाले समाज सेवक, ख़ास पदभार संभालते हुए राष्ट्रीय राजनीतिक शैली में भाषण देते हैं। हर पद में भार अवश्य होता है जिसे संभालने के लिए आश्वासन, योजनाओं की घोषणा शक्ति प्रदान करती है। राष्ट्रीय परम्परा के अनुसार खूब सारे वायदे एक साथ करते हुए आत्मसम्मान महसूस होता है।

**मज़ाक और व्यंग्य**

यह अच्छी बात है कि पद भार संभालने के प्रभावशाली कार्यक्रम में टीम के दूसरे सदस्य भी अपने अपने पद का भार संभालते हैं। पिछले सत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाता है। सब मान लेते हैं कि किसी ने भी निकृष्ट कार्य नहीं किया होगा। सभी समझते हैं कि समाज सेवा ही सबसे उत्तम धर्म है। बैठक में घोषित आगामी कार्यक्रमों से पता चलता है कि हालांकि हमारे बच्चे भी नकली बुद्धि का प्रयोग करने लगे हैं लेकिन समाज से टीबी उन्मूलन नहीं हो पाया। खुद को विश्वगुरु समझते हैं लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में अनपढ़ता फैली हुई है। दुनिया भर से लोग इलाज करवाने आते हैं लेकिन स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य व्यवस्थाएं हमेशा बीमार रहती हैं। त्योहारों की धरती का वातावरण और पर्यावरण दोनों उदास हैं।

उन्होंने घोषणा की कि अगले साल के लिए हमने ऐसा रोड मैप तैयार किया है कि संदर्भित क्षेत्रों में किए गए कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा और स्थाई प्रभाव छोड़ेगा। उन्होंने सचमुच आनंदित कर देने वाली घोषणाएं करते हुए कहा कि वे अपने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए पूरा जोर लगा देंगे, सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान चलाएंगे। शहर के पास से होकर बह रही नदी का जल ज्यादा प्रदूषित होता जा रहा है उसे स्वच्छ करने के लिए सभी नागरिकों के सहयोग से विशेष अभियान चलाएंगे।


**अखबार**

समाज के भले के लिए हुई बैठक में लगा कुछ दिनों में क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलाव आने वाले हैं लेकिन बेचारी राजनीति तो उनसे परेशान हो जाएगी। जो लोग सुबह उठते ही ईष्ट के सामने प्रणाम कर, असामाजिक कारनामों में सफलता का आशीर्वाद लेते हैं उनका क्या होगा।

समाज का भला चाहने वालों की सालाना बैठक बहुत मनोरंजक रही क्यूंकि खाना और सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनों बहुत स्वादिष्ट रहे। दर्जनों व्यक्तियों को बहुत दिन बाद मिलने जुलने का मौका मिला।

थकावट उतारू पेय का गिलास हाथ में थामे, व्यावसायिक गुफ्तगू करते रहे। महिलाएं, पारम्परिक और आधुनिक वस्त्रों में, साथ पहने गए महंगे जेवरों सहित इतराती रही। यह उल्लेखनीय है कि इस दौरान भी उन्होंने समाज के भले के लिए बहुत सी बातें की। समाज के भले के लिए कुछ भी करना भला काम है।

## एयरलाइंस से स्टील तक, कैसे JRD Tata ने रखा आधुनिक भारत की Economic Growth का मजबूत आधार



**जेआरडी टाटा का नाम भारतीय इंडस्ट्री के इतिहास में अमर है। जेआरडी टाटा ने देश को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। 29 जुलाई को जेआरडी टाटा का जन्म हुआ था।**

जेआरडी टाटा का नाम भारतीय इंडस्ट्री के इतिहास में अमर है। जेआरडी टाटा ने देश को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। 29 जुलाई को जेआरडी टाटा का जन्म हुआ था।

जेआरडी की गिनती दुनिया के सबसे महान उद्योगपतियों में की जाती है। उन्होंने भारत को पहली विमानन कंपनी दी थी। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर जेआरडी टाटा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

फ्रांस में 29 जुलाई 1904 को जेआरडी टाटा का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम रतनजी दादाभाई टाटा और मां का नाम सुजैन ब्रियर था। जेआरडी टाटा का पूरा नाम जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा था।

**भारत लौटे JRD TATA**

साल 1925 में जेआरडी टाटा भारत वापस आए। इसके बाद वह बतौर इंटर्न टाटा टिस्को में काम करने लगे। पिता के निधन के फौरन बाद जेआरडी टाटा 'टाटा ग्रुप' की प्रमुख कंपनी टाटा संस के बोर्ड में शामिल हो गए। 1929 में जेआरडी टाटा ने फ्रांसीसी नागरिकता त्याग कर भारत की नागरिकता अपनाई।

**कामर्शियल पायलट**

वह भारत के पहले कमर्शियल पायलट थे। जिनको साल 1929 में लाइसेंस मिला था। इसके एक साल बाद उन्होंने हवाई डाक सेवा शुरू करने की सोची और यहीं से टाटा एयरलाइंस की नींव पड़ी।

साल 1932 में टाटा एविशन सर्विस ने पहली उड़ान भरी। भारतीय विमानन इतिहास की पहली उड़ान कराची के ड्रिघ रोड से जेआरडी टाटा के कंट्रोल में एक पुस मॉथ के साथ शुरू हुई। साल 1935 तक JRD ने इस विमानन कंपनी को बुलंदियों तक पहुंचा दिया।

**टाटा ग्रुप के चेयरमैन**

साल 1938 में जेआरडी टाटा ने सर नौरोजी से टाटा समूह के अध्यक्ष पद ग्रहण किया था।

वहीं साल 1938 से लेकर 1991 तक जेआरडी टाटा ने 50 सालों तक टाटा समूह का नेतृत्व किया। वह टाटा ग्रुप के सबसे लंबे समय तक चेयरमैन रहने वाले व्यक्ति थे।

**मृत्यु**

वहीं 29 नवंबर 1933 को जेआरडी टाटा का निधन हो गया था।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682